राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना
■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
नई दिल्ली
शनिवार • 16 नवम्बर • 2024

# स्कूलों में मास्क अनिवार्य फील्ड गेम फिलहाल बंद

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए प्राथमिक कक्षाएं ऑनलाइन करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके पश्चात विभिन्न स्कूल कक्षा छह और उससे ऊपर की कक्षाओं के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के उपाय कर रहे हैं, जिन्हें ऑफलाइन कक्षाएं करनी हैं। साथ ही स्कूलों में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने कहा कि हमने छात्रों को कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनमें स्कूल में मास्क लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा हमने जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक खेल मैदान पर जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। साथ ही हम छात्रों के अभिभावकों को मशविरा दे रहे हैं कि वे बच्चों के पोषण पर ध्यान दें। साथ ही पानी की कमी नहीं होने दें। बच्चों को भरपूर मात्रा में पानी पिलाएं। इसके अलावा अभिभावकों को कहा गया है कि बिना मास्क के बच्चों को स्कूल न भेजें। वायु प्रदूषण से बचाव के लिए स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है।

ममता मॉडर्न विद्यालय, विकासपुरी की प्रधानाचार्या पल्लवी शर्मा ने बताया कि छात्रों के लिए कई दिशा-निर्देश लागू किए हैं। स्कूल में खुले स्थानों पर होने वाली गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। हम इनडोर गतिविधियों यानी पढ़ना, पेंटिंग, क्राफ्ट, शतरंज और कैरम जैसे खेलों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने स्कूल में परामर्श जारी किया,जिसमें कारपूलिंग, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार के सेवन जैसे उपायों के बारे में बताया गया है। वायु गुणवत्ता के मद्देनजर मुख्यमंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि सभी स्कूलों में पांचवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। इसी को देखते हुए हमने यह कदम उठाया है।

नव भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संजय भारतीय ने बताया कि शिक्षक ऑनलाइन पढ़ाई को प्रभावी ढंग से



■ जारी किए गए दिशा-निर्देश

■ अभिभावकों को प्रदूषण से बचने को भी दी जा रही सलाह

■ बच्चों के पोषण का रखें ध्यान, न होने दें पानी की कमी

सुविधाजनक बना रहे हैं। माध्यमिक कक्षा के छात्रों के लिए विशेष रूप से बाहरी गतिविधियों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसके अलावा हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्कूल परिसर हरा-भरा रहे।